सार-समाचार

सेनेटरी नैपकिन वितरण अभियान का शुभारंभ

रामगंजमंडी, (निसं)। आवास फॉउण्डेशन चैरिटेबल ट्रस्ट जयपुर द्वारा आयल एवं नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन दिल्ली के सहयोग से सेनेटरी पैड वितरण एवं माहवारी प्रबन्धन अभियान का शुभारंभ शहर की मारुति नगर कॉलोनी से किया गया। शिविर में 1200 से अधिक महिलाओं को सेनेटरी नेपकिन वितरण कर महिलाओं व किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य व महावारी स्वच्छता विषय पर फाउंडेशन ट्रस्ट सुपरवाइजर चांदनी सेन व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संध्या ने समझाया कि महिलाओं को महावारी के समय स्वच्छता का ध्यान रखने के साथ ही सेनेटरी पैड को दिन में कम से कम 3 से 4 बार बदलने चाहिये। उनका अधिक समय तक लगाये रखने से पैड या कपडे मे बैक्टीरिया उत्पन्न से योनि मार्ग से संक्रमण शरीर के अन्दर प्रवेश करता है उपयोग किये गये सेनेटरी नेपकिन को इधर उधर ना डाले क्योंकि इससे वातावरण दुषित होता है। हमे सेनेटरी पैड कागज मे लपेटकर कुडेदान में या गडढा खोदकर या जलाकर निस्तारण करना चाहिये। किशोरावस्था में महावारी प्रारम्भ के लक्षण बार बार पेट मे दर्द रहना, ऐठन, मरोड ,खुन के रिसाव होने के कारण शरीर मे कमजोरी भी होती है, इसी के साथ कई बार भुख कम लगती है और सिरदर्द भी रहता है। ऐसे लक्षण प्रथम और द्वितिय दिन तक ज्यादा रहते हैं। लेकिन दिनों के हिसाब से ये बदलाव कम हो जाते हैं। इस दौरान अगर दर्द कम है तो हम सामान्य और घरेलु काम कर सकते है। शिविर में आई महिलाओं की समस्याओं को समझ कर लक्षणों के आधार पर आयुवेदिक दवाई फेमिना केयर का वितरण के साथ बताया कि यदि रक्त वहाब व दर्द असामान्य हो डाक्टर की सलाह पर ही ईलाज लेना चाहिए। उपस्थित प्रतिभागियों को सेनेटरी पैड का वितरण किया।

कोटा-अजमेर प्रस्तावित रेल लाइन पर बूंदी को जंक्शन बनाने की मांग

बूंदी(निसं)। कोटा-अजमेर प्रस्तावित रेल लाइन पर बूंदी को जंक्शन घोषित करने की मांग फिर जोर पकड़ रही है। समाजसेवी और श्रीसर्राफा संस्थान पूर्व अध्यक्ष नोरतमल अग्रवाल इसे लेकर लगातार प्रयासरत हैं। नोरतमल अग्रवाल ने प्रधानमंत्री मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को निवेदन भेजकर जिले के विकास के लिए बूंदी को ही जंक्शन बनाने की पुरजोर मांग उठाई है। ज्ञापन में बताया गया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी पहले लिखित रूप से यह कहा था कि प्रस्तावित लाइन पर बूंदी को जंक्शन बनाए जाने से जिले के सर्वांगीण विकास को गति मिलेगी। बूंदी पर्यटन की दृष्टि से हाड़ौती का महत्वपूर्ण जिला है। रामगढ़ विषधारी अभयारण्य के कारण यहां विदेशी पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। साथ ही बूंदी ए वर्ग कृषि उपज मंडी है और चावल निर्यात में भी इसकी बड़ी भूमिका है। प्रस्तावित लाइन को लेकर फरवरी 2020 में कुछ लोगों ने इसे घोषणात्मक बताया था, जबकि रेल बजट 2024 में इस लाइन को न केवल मंजूरी दी जा चुकी है, बल्कि इसके लिए बजट भी जारी हो चुका है। ज्ञापन में कहा कि कोटा-अजमेर प्रस्तावित लाइन पर जलिंद्री (भीलवाड़ा) की अपेक्षा बूंदी को ही जंक्शन घोषित किया जाए। ऐसा होने से जिले के पर्यटन, कृषि व आर्थिक विकास को सीधा लाभ मिलेगा।

नवनियुक्त डीएसपी ताराचंद ने संभाला पदभार

छबड़ा(निसं)। नवनियुक्त डीएसपी ताराचंद बंषीवाल ने बुधवार को कार्यभार संभाल दिया हैं। इससे पूर्व बंषीवाल बतौर सीआई के रूप में यहां सेवाएं दे चुके हैं। बंषीवाल ने कहा कि यहां कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के साथ मादक पदार्थों की धरपकड़ पर उनकी नजर रहेगी। इसके साथ ही अन्य गैर कानूनी कार्यों पर भी नकेल कसी जाएगी। उन्होंने कहा कि पुलिस का काम सिर्फ अपराधियों को पकड़ना नहीं, बल्कि जनता के बीच विश्वास पैदा करना भी है। डीएसपी ने आम जनमानस से अपील की है कि यदि उन्हें अपने आसपास को भी संदिग्ध या आपराधिक गतिविधि नजर आए तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। ज्ञातव्य रहे कि नवनियुक्त डीएसपी बंषीवाल यहां 2018 से 2019 तक (डेढ़ साल) तक सीआई भी रह चुके हैं।

पहली बार डोनेट की एसडीपी

कोटा, (निसं)। टीम जीवनदाता सालों से निरंतर मरीजों की सेवा कर रही हैं, जरूरतमंद को एसडीपी उपलब्ध करा रही है। इस कार्य में नए सेवा प्रदाता युवा तेजी से आगे आ रहे हैं और सेवा कर सुकून महसूस कर रहे हैं। लायंस क्लब कोटा टेक्नो के निदेशक व टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि राज नारायण को एबी पॉजिटिव की आवश्यकता थी, उनके पुत्र राजेश काफी बेचैन परेशान थे, ऐसे में टीम जीवनदाता से संपर्क करने पर उन्होंने अपनी व्यथा और हताशा को बताया। उसी समय ब्लड बैंक के सम्मान सप्लायर राहुल भी वहाँ पहुंचे। राहुल कौशिक ने ये दृश्य देखा तो वह भी थोड़ा दुखी हो गए। संयोगवश उनका ब्लड ग्रुप एबी पॉजिटिव था। उनसे जब आग्रह किया गया तो वह पहले थोड़ा असहज हुए। लेकिन सेवा करने का मन था सो तुरंत तैयार हुवे व पहली बार उन्होंने एबी पॉजिटिव एसडीपी डोनेट की। कुछ समय बाद जब एसडीपी पूर्ण हुई तो उन्हें बेहद खुशी महसूस हुई और उन्होंने कहा कि यह तो बेहद ही सुकून और हृदय में मानवता का भाव पैदा करने वाला कार्य हैं। उन्होंने संकल्प लिया कि वह नियमित रूप से एसडीपी डोनेट कर लोगों की जान बचाने का प्रयास करेंगे। राहुल ने इससे पहले केवल दो बार रक्तदान किया है व पहली बार एसडीपी डोनेट की। एसडीपी की इस प्रक्रिया से उनको काफी खुशी व सन्तुष्टि थी।

बच्चों को ऊनी जर्सियाँ उपलब्ध करवाई

बूंदी(निसं) । रोटरी क्लब द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रामनगर जाटान में कक्षा 1 से 8 तक के 100 छात्र-छात्राओं को बून्दी शहर में व्यवसायी गोपाल लाल शर्मा एवं जितेन्द्र शर्मा से प्राप्त करके एक सादे समारोह में उपलब्ण करवाई गई। विद्यालय में जर्सी वितरण समारोह के मुख्य अतिथि गोपाल शर्मा एवं विशिष्ठ अतिथि जितेन्द्र शर्मा रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटरी क्लब अध्यक्ष ऋतुराज दाधीच द्वारा की गई।

अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित एमआरआई व मॉड्यूलर ओटी, ईथॉस हॉस्पिटल में शुरू

■ जनता को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सुविधाएं शहर में प्राप्त होगी तो शहर के बाहर के व्यक्ति भी कोटा में ईलाज करवाएंगे

कोटा, (निसं)। ईथॉस हॉस्पिटल में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित अत्याधुनिक एमआरआई मशीन (1.5टी) तथा दो डेडिकेटेड मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर का लोकार्पण इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी स्टेट चैयरमेन राजेश कृष्ण बिरला एवं कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा के करकमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर निदेशक प्रदीप दाधीच, जितेन्द्र गोयल, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ.राजेश गोयल, न्यूरोलॉजिस्ट डॉ.आशीष पेमावत, सीईओ संचालन हर्ष दाधीच तथा स्ट्रेटिजिक पार्टनर रूपेश माथुर सहित गणमान्य उपस्थित रहे। चैयरमेन राजेश कृष्ण बिरला एवं विधायक संदीप शर्मा ने कहा कि शहर की जनता को उच्च गुणवत्ता की चिकित्सा सुविधाएं शहर में प्राप्त होगी तो शहर के बाहर के व्यक्ति भी कोटा में ईलाज करवाएंगे। गुणवत्तापूर्ण ईलाज में ईथॉस ने अपनी नई पहचान बनाई है।

मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. राजेश गोयल ने बताया कि अस्पताल में स्थापित दोनों मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर पूरी तरह कीटाणु रहित सतह, संक्रमण-न्यून वातावरण तथा नियंत्रित तापमान, नमी एवं एयर प्रेशर के साथ अंतरराष्ट्रीय मापदंडों को पूरा करते हैं। इसके चलते न्यूरो, लैपरोस्कोपिक सर्जरी, ऑर्थो, कार्डियक सहित जटिल सर्जरी सुरक्षित ढंग से संचालित की जा सकेंगी। विशेषज्ञों के अनुसार इस तकनीक से पोस्ट-ऑपरेटिव इंफेक्शन में उल्लेखनीय कमी आएगी तथा मरीजों की रिकवरी अपेक्षाकृत तेज होगी।

रूपेश माथुर ने कहा कि कि नई प्रणाली ऊर्जा-क्षमताशील होने के साथ डॉक्टरों की कार्यक्षमता और सर्जरी की सटीकता में वृद्धि करेगी।

इस स्थापना से ईथॉस हॉस्पिटल को "आधुनिक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस" के रूप में सुदृढ़ पहचान मिलेगी। दाधीच ने बताया कि नई एमआरआई मशीन पूर्णतः सुरक्षित, दर्दरहित तथा हाई-रिज़ॉल्यूशन इमेजिंग, शरीर के आंतरिक अंगों की अत्यंत स्पष्ट एवं गहरी तस्वीरें, ब्रेन, स्पाईन, जोड़ों एवं सॉफ्ट टिश्यू परीक्षण में उत्कृष्ट परिणाम, रेडिएशन-रहित तकनीक, मरीजों के लिए अधिक सुरक्षित तथा तेज रिपोर्ट एवं अधिक संवेदनशील निदान क्षमता रखती है। इस अवसर पर निदेशक प्रदीप दाधीच ने गोल्डन ऐज क्लब के विशेष लाभों की विस्तृत जानकारी दी। इसमें बाह्य रोगी सेवाओं पर 50 प्रतिशत तक की छूट, औषधालय एवं प्रयोगशाला शुल्क में रियायतें, भर्ती एवं शल्य चिकित्सा पैकेज पर विशेष छूट, तथा एम्बुलेंस एवं परिचारक लाउंज जैसी निःशुल्क सेवाएँ शामिल होने की जानकारी दी। सीईओ हर्ष दाधीच ने बताया कि ईथॉस प्रशासन बहुत जल्द रोबोटिक सर्जरी परियोजना का कार्य भी प्रारंभ करेंगा।

भारत की असली ताकत आम नागरिकों के हाथों में हैं: तोगड़िया

कोटा, (निसं)। राष्ट्रीय स्वाभिमान आंदोलन स्वामी विवेकानंद विचार संस्थान द्वारा अनंतपूरा स्थित ओम ग्रीन मिडोज के कम्युनिटी हॉल में श्रीराम जन्मभूमि मुक्ति आंदोलन के प्रमुख हस्ताक्षर प्रवीण भाई तोगड़िया का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और नागरिकों की उपस्थिति ने माहौल को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। मुख्य वक्ता प्रवीण तोगड़िया ने अपने प्रखर संबोधन में कहा कि भारत की असली ताकत उसके आम नागरिकों के हाथ में हैं। जब समाज संगठित होकर जागरूक बनता है, तभी राष्ट्र मजबूत होता है।

राष्ट्रीय स्वाभिमान आंदोलन का उद्देश्य हर भारतीय को आत्मसम्मान और सुरक्षा का भरोसा देना है। उन्होंने कहा कि जब हम संस्कृति, सेवा और राष्ट्रहित को जीवन का आधार बनाते हैं, तब भारत विश्व के नेतृत्व का अधिकार प्राप्त करता है। यह समय है कि हम समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और सम्मान पहुंचाने का संकल्प लें। तोगड़िया के भाषण के दौरान कई मौकों पर उपस्थित लोग तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार को गुंजायमान करते रहे। उन्होंने कोटा में संगठन की ओर से चलाए जा रहे वृक्षारोपण अभियान की सराहना करते हुए कहा कि आज देश दुनिया की प्रथम आवश्यकता है।

इस महत्वपूर्ण कार्य को सरकार के साथ-साथ हर व्यक्ति को दायित्व के साथ निभाना चाहिए तभी हमारा भाई पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित रहेगा नहीं तो प्रकृति खड़े-खड़े अपना हिसाब चुकता करना जानती है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बीएसएफ के सेवानिवृत्त डीआईजी प्रभाकर जोशी ने देश की सीमाओं की वर्तमान चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में नेतृत्व किए गए ऑपरेशन सिंदूर के अनुभव साझा करते हुए बताया कि सीमा पर तैनात हर जवान देश की सुरक्षा का ध्वज सबसे ऊंचा रखने के लिए हर क्षण तैयार रहता है। दुश्मन की हर चाल का जवाब हम मजबूती और रणनीति से देते हैं। उनके वक्तव्य ने उपस्थित श्रोताओं में सुरक्षा बलों के प्रति सम्मान और गर्व की भावना और प्रबल कर दी।

कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की बैठक संपन्न

बून्दा(निसं)। जिला कांग्रेस कमेटी बूंदी अनुसूचित जाति विभाग की बैठक जिला कांठोस कार्यालय पर नव नियुक्त जिलाध्यक्ष बाबू लाल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष मोडू लाल वर्मा, नव नियुक्त प्रदेश महासचिव प्रेम शंकर बैरवा का माला व साफा पहना कर अभिनंदन किया। बैठक में 14 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली 'वोट चोर -गद्दी छोड़ महारैली में अनुसूचित जाति विभाग से शामिल होने का लक्ष्य रखा गया। प्रदेश उपाध्यक्ष मोडू लाल वर्मा ने कांठोस जनों से महारैली में अधिक से संख्या में भाग लेने का आव्हान किया। प्रदेश महासचिव प्रेम शंकर बैरवा ने प्रदेश की ओर से दो माह का जारी कार्यक्रम संविधान बचाओ संविधान सम्मान के विस्तृत जानकारी देते आगामी माह की प्रदेश की कार्ययोजना पर विस्तार पूर्वक बताया। जिलाध्यक्ष बाबू लाल वर्मा ने कांठोस पार्टी से अनुसूचित जाति वर्ग को अधिक से जोड़कर पार्टी को मजबूत करने पर जोर दिया। संचालन राधेश्याम मेघवाल ने किया। बैठक में ब्लॉक कांठोस कमेटी हिंडौली के अध्यक्ष लक्ष्मण बैरवा जिला कांठोस कमेटी कोषाध्यक्ष जय कुमार बैरवा, अनुसूचित जाति विभाग के पूर्व जिलाध्यक्ष भेरू लाल बैरवा,गोपाल लाल वर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दो दिवसीय कृषक वैज्ञानिक संवाद

किसानों को मिली आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी

■ कार्यक्रम किसानों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने, खेत स्तर की समस्याओं का समाधान करने तथा आधुनिक कृषि तकनीकों को व्यापक स्तर पर पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया

बूंदा(निसं)। कृषि विज्ञान केन्द्र बूंदी पर कार्यालय उपनिदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक (आत्मा), बूंदी के सहयोग से दो दिवसीय कृषक वैज्ञानिक संवाद का आयोजन किया गया। यह संवाद कार्यक्रम किसानों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने, खेत स्तर की समस्याओं का समाधान करने तथा आधुनिक कृषि तकनीकों को व्यापक स्तर पर पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया।

केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. महेश चौधरी ने कहा कि आज का युग तकनीक आधारित कृषि का है, जहाँ किसानों को फसल विविधीकरण, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, उन्नत, किस्में, समन्वित पोषण एवं कीट प्रबंधन जैसे बहुआयामी पहलुओं पर ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि ऐसे संवाद कार्यक्रम किसानों एवं वैज्ञानिकों के बीच ज्ञान के आदान प्रदान का मजबूत माध्यम बनते हैं। इस दौरान क्षेत्र की जलवायु के अनुरूप फल, सब्जी एवं मसाला फसलों की उच्च उत्पादक एवं रोग रोधी किस्मों का परिचय भी कराया।

कौशल कुमार सोमानी, उपनिदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक (आत्मा) ने जिले के नवाचारी कृषकों के नवाचार साझा करते हुये इनको अधिक से अधिक कृषकों तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया व संचार के अन्य माध्यमों से इनका प्रचार-प्रसार का सुझाव दिया। इस दौरान उप निदेशक ने दलहन व तिलहन फसलों में राइजोबियम कल्चर, पीएसबी जैव उर्वरक और समन्वित कीट प्रबंधन अपनाने का सुझाव दिया। मृदा वैज्ञानिक डॉ. सेवाराम रुंडला ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड, जैविक एवं हरित खादों के उपयोग, सूक्ष्म पोषक तत्वों के महत्व तथा संतुलित उर्वरक प्रबंधन के विषय में जागरूक किया उन्होंने कहा कि बिना मृदा परीक्षण के अंधाधुंध उर्वरकों का उपयोग मिट्टी की उर्वरता को प्रभावित करता है।

मिट्टी की संरचना सुधारने के लिए कम्पोस्ट, वर्मी कम्पोस्ट, फसल अवशेष प्रबंधन व दलहनी फसलों को शामिल करना अत्यंत आवश्यक है। सुरेश कुमार मीणा, सहायक निदेशक आत्मा ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग की प्रमुख योजनाओं राष्ट्रीय बागवानी मिशन, संरक्षित खेती एवं फल बाग विकास के बारे में जानकारी दी।

तकनीकी सहायक महेन्द्र चौधरी ने कृषकों को केन्द्र पर स्थित विभिन्न ईकाइयों जिसमें वर्मी कम्पोस्ट, अजोला, पौधशाला, बकरी पालन, गाय पालन, गृह वाटिका, प्राकृतिक खेती के साथ ही बीज विधायन केन्द्र का भ्रमण करवाया व विभिन्न खाद्यान्न एवं दलहनी फसलों की नवीनतम किस्मों की जानकारी साझा की।

संवाद सत्र में किसानों ने फलदार पौधों, फूलों की खेती, फसल रोग, कीट प्रकोप, सिंचाई समस्या. जल संरक्षण, पशु रोगों तथा उर्वरक उपलब्धता से जुड़ी अपनी वास्तविक समस्याएँ रखी। वैज्ञानिकों ने प्रत्येक प्रश्न का तथ्यों, तकनीक, स्थानीय परिस्थितियों एवं सफल उदाहरणों के साथ समाधान प्रस्तुत किया। इस दौरान केन्द्र के कर्मचारी लोकेश प्रजापत, दीपक कुमार, रामप्रसाद भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गाँवों से आये हुए 25 प्रगतिशील कृषकों ने भाग लिया।

जावेद जेड़ को अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष नियुक्त

बून्दी(निसं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग द्वारा बून्दी के अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष पर जावेद जेड़ को नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी के निर्देशानुसार बूंदी ज़िले में जावेद जेड़ को अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने पर जावेद जेड़ ने कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रदेशाध्यक्ष एमडी चौपदार व शीर्ष नेतृत्व के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। जावेद जेड़ ने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व का धन्यवाद करता हूँ, जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताया। मैं सभी समाजों को जोड़ने, संगठन को मजबूत बनाने और प्रदेश नेतृत्व की नीतियों को बूंदी जिले के आख़री व्यक्ति तक पहुँचाने का पूरा प्रयास करूंगा।

भाजपा सुशासन पखवाड़ा आयोजन को लेकर संयोजक, सह संयोजक नियुक्त

■ संचालन को लेकर तीन सदस्यीय जिला स्तरीय समिति का गठन

बूंदी(निसं)। राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आ ान पर आगामी 12 से 25 दिसम्बर तक मनाए जाने वाले सुशासन पखवाड़ा के संचालन को लेकर तीन सदस्यीय जिला स्तरीय समिति का गठन कर जिला संयोजक व जिला सह संयोजक नियुक्त किए हैं। जिला महामंत्री संजय लाठी ने बताया कि सुशासन पखवाडा के क्रियान्वयन के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा ने प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार व सहमति से भाजपा जिला महामंत्री योगेन्द्र श्रृंगी को जिला संयोजक एवं पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष नीरज पुरोहित, एसटी मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष दुर्गा लाल मीणा को जिला सह संयोजक नियुक्त किया हैं। उन्होंने बताया कि तीनो विधानसभाओं के लिए अलग-अलग संयोजक व सह संयोजक नियुक्त किए हैं।

जिसमें बून्दी विधानसभा के लिए गौरव शर्मा को संयोजक व पटेल दुर्गा शंकर चौधरी को सह संयोजक, केशव राय पाटन विधानसभा के लिए बाबू सिंह जादौन को संयोजक व राम बाबू शर्मा को सह संयोजक तथा हिण्डोली नैनवां विधानसभा के लिए सुरेन्द्र गोयल को संयोजक व डॉ. मनीष मीणा को सह संयोजक नियुक्त किया हैं। लाठी ने बताया कि सुशासन पखवाड़ा के अंतर्गत सडक सुरक्षा अभियान, स्वच्छता कार्यक्रम, जिला स्तरीय प्रदर्शनी, ठामीण व शहरी सेवा फॉलोअप शिविर, रन फॉर विकसित राजस्थान आदि जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसके माध्यम से सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियों, जनकल्याणकारी व फ्लैगशिप योजनाओं और विकासात्मक पहल आम जन पहुँचाने में मील का पत्थर साबित होगा।

विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया

रामगंजमण्डी,(निसं)। राजकीय सार्वजनिक जिला पुस्तकाय रामगंजमंडी में 10 दिसम्बर बुधवार को विश्व मानवाधिकार दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में कैलाशचंद राव पुस्तकालय अध्यक्ष द्वारा छात्र-छात्राओं को मानवाधिकार के बारे में संपूर्ण जानकारी दी एवं मानव के मौलिक अधिकार के महत्व के बारे में समझाया। पुस्तकालय की पाठक काजल मीणा द्वारा मानवाधिकार के अनुच्छेद 12 से 35 के बारे में संपूर्ण जानकारी पाठकों को दी गई। इस अवसर पर पुस्तकालय के पाठक लखन मीणा, कन्हैयालाल मीणा,नितेश, बलराम, निशा मीणा व दीपिका गुर्जर सहित आदि लगभग 35 पाठक उपस्थित रहे। समस्त पाठकों तथा पुस्तकालय स्टॉफ द्वारा मानवाधिकार की शपथ ग्रहण की गई। अंत में हितेश चौधरी, नंदसिंह हाड़ा व लखविंद्र सिंह द्वारा समस्त पाठकों का आभार व्यक्त किया गया।

आम सूचना

मै मेरे पक्षकार अशोक कुमार आत्मज राजेन्द्र कुमार निवासी 103 सिन्धी कोलोनी, गुमानपुरा, कोटा (राज.) से विधिवत अधिकार प्राप्त कर हर आम व खास को सूचित करता हूँ कि मेरे पक्षकार के हिस्से बांटे का एक मकान नं. A-7, 25x42 वर्गफीट वाके सिन्धी कोलोनी, गुमानपुरा, कोटा में स्थित है। जिसका पट्टा 08.03.1977 को UIT कोटा द्वारा मेरे पक्षकार की माता स्व. श्रीमती शेखा उर्फ शखा बाई के नाम से जारी किया गया था। जिसमें मेरे पक्षकार का 1/5 हिस्सा निहित चला आ रहा है। उक्त सम्पत्ति का अभी तक विधिवत बंटवारा नहीं हुआ है तथा उक्त परिसर के 1 कमरे, किचन, बरामदे मय लेट-बाथ पर मेरा पक्षकार बाहेसियत हिस्सेदार काबिज चला आ रहा है। जिसमे उसके कीमती एवं घरेलू सामान पलंग-बिस्तर, सिलेण्डर इत्यादि रखे हुए थे। जिन्हें बद्ध्यान्तिपूर्वक जयकिशन छेतीजा व उसके परिवारजन ने उक्त कमरे का ताला तोडकर चोरी करके खुर्द-बुर्द कर दिया गया है। जिसके लिए मेरे पक्षकार ने पृथक से S.P. सिटी कोटा को शिकायत दी गई है। अतः हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संपत्ति/परिसर के खरीद-फरोख्त के सम्बन्ध में जयकिशन छेतीजा अथवा किसी भी व्यक्ति से कोई संव्यवहार नहीं करें। अन्यथा उसकी तमाम जिम्मेदारी मय हर्जे-खर्चे के उसकी स्वयं की होगी। कृपया सूचित रहें।

दिनांक : 10.12.2025

भवदीय

ठा. सी.एम. कुशवाह एडवोकेट

अग्रवाल समाज के युवक युवती के परिचय सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन

कोटा, (निसं)। अग्रसेन विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित गर्ग, महामंत्री मनोज गर्ग एवम् वरिष्ठ उपाध्यक्ष यशवंत सिंघल ने बताया झालावाड़ में 20 एवं 21 दिसंबर 2025 शनिवार एव रविवार को दो दिवसीय अग्रवाल युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन होटल कृष्णा पैलेस झालावाड़ में किया जा रहा है आयोजन समिति के संयोजक महेंद्र कुमार अग्रवाल, डॉ.सुरेन्द्र गर्ग एवम राष्ट्रीय युवा संरक्षक सुरेंद्र अग्रवाल ने बताया परिचय सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अग्रसेन विकास परिषद के पदाधिकारियों संभागीय आयुक्त को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया।

जल सरंक्षण आज की बचत कल का भविष्य

बून्दी (निसं)। आरयूआईडीपी के सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत रूड़ीप की अधिशाषी अभियंता सोनम शर्मा के निर्देशन में शहर के वार्ड संख्या 10 की महादेव गली नाले के ढाबे में आमजन से संवाद कार्यक्रम आयोजित कर परियोजना के बारे में जागरूक किया गया। कैप-आरयूआईडीपी के सचिन मुदगल ने आमजन को नई जलप्रदाय योजना से होने वाले लाभों के बारे मे जानकारी देते हुए कहा कि नई जल प्रदाय योजना के अन्तर्गत पानी मीटरयुक्त, पर्याप्त एवं पूर्ण प्रेशर के साथ मिलेगा और आमजन से अपील कि पानी को किसी भी तरह बर्बाद नहीं करें,आवष्यकतानुसार ही जल का उपयोग करें। इन्होंने कहा कि पानी की एक-एक बून्द बचाए आज की बचत कल का भविष्य है जल ही जीवन है। जल संरक्षण करना भविष्य के लिए बेहद जरूरी है जीवन जीने के लिए जल का संरक्षण और बचाव बहुत जरूरी होता है, क्योकि बिना जल के जीवन संभव नहीं है पानी की जरूरत हमारे जीवन भर होती है। सोशल सेफ़गार्ड नरेश महावर ने आमजन से जलदाय विभाग से पानी का वैध कनेक्शन की अपील की ताकि परियोजना कार्यों को समय पर पूरा किया जा सके।

पोरवाल बने श्री समिति के अध्यक्ष

भवानीमंडी, (निसं)। डॉ. जे.के. अरोड़ा की अध्यक्षता में श्री नीलकंठ मुक्तिधाम सेवा समिति, भवानीमंडी की सामान्य बैठक जैन बोर्डिंग परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक में गोविंद भराड़िया द्वारा मुक्तिधाम में अब तक किए गए विकास कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की गई तथा समिति की आय-व्यय का विस्तृत विवरण सदस्यों के समक्ष रखा गया।

महाविद्यालयों में मनाया मानवाधिकार दिवस, भाषण एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता हुई आयोजित

बून्दी(निसं)। विश्व मानवाधिकार दिवस के मौके पर राजकीय महाविद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

राजकीय महाविद्यालय बून्दी में राष्ट्रीय सेवा योजना, रोवर एण्ड रेंजरिंग तथा एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान मे कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. ओपी शर्मा की अध्यक्षता में वर्तमान में विश्व में मानवाधिकारो की प्रासंगिकता विषय पर भाषण प्रतियोगिता एवं अभिव्यक्ति की स्वतत्रंता सीमित या असीमित विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने अपने विचारो को उपलब्ध मंच पर प्रमुखता से रखा तथा मानवाधिकारो की वर्तमान में आवश्यकता तथा लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था मे महत्व को समझाया। भाषण प्रतियोगिता में आशीष सुमन प्रथम, शमशेर सिंह द्वितीय व गोविन्द कुमार बैरवा तृतीय रहे। वाद विवाद प्रतियोगिता में सचिन मालव प्रथम, जुगराज प्रजापत द्वितीय व अरविंद प्रजापत तृतीय रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. भारतेन्दु गौतम रोवर प्रभारी ने किया। कार्यक्रम में डॉ. सविता चौधरी, जूही प्रधान, हेमन्त मनवानी एवं अरूण पारीक ने प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार शर्मा, रचना पारीक, जगदीश प्रसाद मेहता, एनसीसी प्रभारी डॉ. जुबेर खान सहित संकाय सदस्य मौजूद रहे।

वहीं राजकीय कन्या महाविद्यालय में मानव अधिकार क्लब द्वारा प्राचार्य डॉ. संदीप यादव की अध्यक्षता में निबंध एवं नारा लेखन प्रतियोगिता हुई जिसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम डिंपल प्रजापत, द्वितीय माधवी वर्मा एवं तृतीय कुमकुम कुशवाहा रही। इसी तरह नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम महादेवी वर्मा, द्वितीय कुमकुम कुशवाहा एवं तृतीय मोनिका रावत रहीं। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि मानव अधिकार एक ऐसा दर्शन है जो मानव के कल्याण और आनंद पर केंद्रित है। इसमें नैतिक एवं आध्यात्मिक मूल्य तथा भौतिक बहुलता दोनों ही सम्मिलित है। मानव अधिकार वह अधिकार है जो हमारी प्रकृति एवं स्वभाव में निहित है। इसके अभाव में हम मानव के रूप में अपना स्वतंत्र एवं मौलिक जीवन व्यतीत नहीं कर सकते हैं। कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका के रूप में डॉ. विनोद कुमार मीणा एवं डॉ. हेमराज सैनी रहे। संचालन मानवाधिकार क्लब के प्रभारी डॉ. बीरम देव ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. आशुतोष बिरला एवं अन्य संकाय सदस्य तथा छात्राएं मौजूद रही।

कार्यालय नगर परिषद बारां

क्रमांकः-नपबा/ राजस्व शाखा/2025/8031 दिनांक 08.12.2025

सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति मीना नामा पत्नी श्री महावीर नामा निवासी मण्डोला वार्ड बारां का आवेदन नाम हस्तान्तरण चाहने वास्ते प्राप्त हुआ है। जिसमें पट्टा विलेख कमांक 830 दिनांक 04.02.2005 से भूखण्ड संख्या 1 से 61 तक माप 8666 वर्गगज योजना शिव बाड़ी बारां का श्री ओमप्रकाश बरवाडिया पुत्र श्री जगनाथ बरवाडिया के नाम जारी किया गया था। तत्पश्चात पट्टाधारक द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 10.05.2006 से भूखण्ड संख्या 20 माप 1600 वर्गफीट को श्री मेवाराम चौधरी पुत्र श्री तेज्याराम चौधरी को बेचान कर दिया। एवं श्री मेवाराम चौधरी पुत्र श्री तेज्याराम चौधरी द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 13.05.2015 से भूखण्ड संख्या 20 माप 1600 वर्गफीट को श्रीमति साधना पत्नी श्री राजकुमार मंगल को बेचान कर दिया। तत्पश्चात श्रीमति साधना पत्नी श्री राजकुमार मंगल द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड बयनामा दिनांक 04.06.2025 से उक्त भूखण्ड को श्रीमति मीना नामा पत्नी श्री महावीर नामा को बेचान कर दिया गया। आवेदिका ने इसी आधार पर नामान्तरण चाह है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में अन्य किसी को आपत्ति हो तो अन